निविदा मूल्य रू0 1000/–

कार्यालय प्रयोग के लिए

रसीद सं0..................दिनांक:..................................

# इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद

इलाहाबाद संग्रहालय में बागवानी व सफाई कार्य के लिए निविदा फार्म

1– ठेकेदार/फर्म का नाम व पता ..............................................................

(दूरभाष सहित) ..............................................................

..............................................................

..............................................................

2– कार्य का अनुभवः–

(अ) सरकारी/गैर सरकारी क्षेत्र का नाम ..............................................................

व पता जहाँ कार्य किया है। ..............................................................

(ब) कार्य की अवधि ..............................................................

(स) सुक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र ..............................................................

3– सर्विस रजिस्ट्रेशन पैन सं0/टिन सं0 ..............................................................

..............................................................

4– सलग्न निविदा हेतु बैंक ड्राफ्ट की ..............................................................

धनराशि ड्राफ्ट सं0 एवं बैंक का नाम ..............................................................

5– प्रस्तावित श्रमिकों की संख्या (अ)सफाई कार्य हेतु 04 (ब)बागवानी कार्य हेतु 04

6– केन्द्रीय श्रम आयोग द्वारा निर्धारित प्रति श्रमिक दर के परिपेक्ष्य में संलग्न प्रोफार्मा Annexure-A में अंकित की गयी कुल धनराशिः–

(अ) प्रति श्रमिक/प्रतिमाह ..............................................(ब) प्रति श्रमिक/प्रतिमाह ..............................................

**इलाहाबाद संग्रहालय में साफ–सफाई व बागवानी कार्य संविदा पर कराए जाने के सम्बन्ध में कार्य का विवरण तथा नियम एवं शर्तें:–**

अ– सफाई का कार्य:–

1– संग्रहालय परिसर पाँच एकड से अधिक क्षेत्रफल में व्यवस्थित है । परिसर में स्थित मुख्य भवन में दो तल है । दोनों तल पर कुल 18 वीथिकाएं हैं ।

2– संग्रहालय परिसर के मुख्य भवन में अध्यक्ष एवं निदेशक का कक्ष, कार्यालय, संग्रहपाल कक्ष, पुस्तकालय, व्यास सभागार, बैठक–कक्ष, पॉच सुरक्षित संग्रह कक्ष, छायानुभाग, रासायनिक प्रयोग अनुभाग, अनूकृति अनुभाग, क्लास कक्ष, दो आंगन, छः कम्प्यूटर कक्ष, मुख्य केन्द्रीय हॉल, स्टोर कक्ष, बढ़ई अनुभाग आदि स्थित है ।

3– संग्रहालय परिसर में निदेशक आवास, गेस्ट हाऊस (दो तल) केन्द्रीय भण्डार आदि स्थित हैं।

4– संग्रहालय के समस्त परिसर, प्रसाधन एवं संग्रहालय के मुख्यद्वार के सामने की सड़क आदि की सफाई कार्य सम्पन्न किया जाना है ।

5– संग्रहालय के मुख्य भवन में चार प्रसाधन व परिसर में तीन प्रसाधन स्थित है ।

6– मुख्य भवन के बाहर परिसर में ही सुरक्षित मूर्तिकला कक्ष की सफाई भी की जाएगी ।

7– ओवर हेड टैंक एवं वाटर कूलर की सफाई प्रति तीन माह पर एक बार सम्पन्न करानी है । परिसर के अन्दर सडक व विकसित समस्त भूतल की साफ–सफाई प्रस्तावित है ।

8– सफाई कार्य एवं बागवानी कार्य के श्रमिको का कार्यकाल प्रातः 8.00 बजे से सायं 6.00 बजे के बीच सम्पन्न कराया जाना आवश्यक है ।

9– संग्रहालय बन्द रहने पर संग्रहालय के मुख्य भवन के बाहर परिसर की सफाई नियमित रूप से की जाएगी । अवकाश के दिनों में विशेष सफाई अभियान के अन्तर्गत समय–समय पर सफाई कराना होगा ।

10– प्रति 15 दिन के अन्तराल मे संग्रहालय के मुख्य भवन के प्रथम तल व द्वितीय तल पर स्थित वीथिकाओं एवं सम्बद्ध अनुभाग के फ़र्श की घिसाई नियमित रूप से स्कविंग मशीन से होनी है । स्कविंग मशीन संग्रहालय प्रदान करेगा ।

11– समस्त कार्य निदेशक अथवा उनके द्वारा मनोनीत अधिकारी/प्रभारी के निर्देशानुसार करना होगा ।

ब– बागवानी कार्य:–

1– संग्रहालय परिसर में 2 एकड़ में केन्द्रीय लॉन व 4 छोटे लॉन, निदेशक आवास में स्थित लॉन आदि हैं जिसका सुन्दर ढंग से रख–रखाव करना होगा ।

2– लगभग 600–1000 गमलों का रख–रखाव करना होगा । जिसमें समय–समय पर खाद भी बदलवानी होगी तथा गमले की रंगाई–पोताई भी करानी होगी ।

3– समय–समय पर मौसम के अनुसार नए पेड़–पौधों का लगाना होगा ।

4– पेडों की छटाई, गुड़ाई व घास की कटाई आदि का कार्य भी करना होगा ।

5– संग्रहालय मे व्यवस्थित समस्त लॉन के क्षेत्र को इस प्रकार विकसित करना होगा कि वह देखने में अति आकर्षक प्रतीत हो ।

6– समस्त कार्य निदेशक अथवा उनके द्वारा मनोनीत प्रभारी/अधिकारी के निर्देशानुसार ही सम्पन्न करना होगा ।

नियम एवं शर्तें:–

1– आवेदन–पत्र के साथ रू0 15,000.00 की धरोहर राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा ।

2– बैंक ड्राफ्ट निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय के नाम से बनाया जाएगा एवं इलाहाबाद में देय होगा ।

3– इच्छुक ठेकेदारों के पास कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है । जिसके पर्याप्त साक्ष्य निविदा प्रपत्र के साथ सलग्न करना आवश्यक है ।

4– यदि अन्य सरकारी कार्यालयों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं आदि में कार्य करने का अनुभव है तो उसे प्राथमिकता दी जाएगी ।

5– आवेदन–पत्र में पंजीकृत ठेकेदारों की पंजीयन संख्या, पैन, टिन संख्या, सेवा पंजीकरण संख्या, ई0पी0एफ0, ई0आई0एस0, सर्विस टैक्स, (सर्विस टैक्स 25% ठेकेदार/फर्म द्वारा तथा 75% संस्था द्वारा देय होगा) सर्विस चार्ज आदि का उल्लेख आवश्यक है ।

6– यदि आवेदन–पत्र में उल्लिखित तथ्य गलत पाए जाते हैं तो आवेदन स्वतः ही निरस्त समझा जाएगा।

7– कार्य के आवंटन हेतु सम्बन्धित ठेकेदार का अनुभव, पूर्व केडेबिलिटी आदि का संज्ञान लिया जाएगा ।

8– निर्धारित तिथि एवं समय के बाद किसी भी दशा में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं आवेदन पत्र प्राप्त होने के बाद उसमें किसी भी प्रकार के संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

9– प्राप्त निविदाए 15–12–2015 को साय 03.00 बजे संग्रहालय में निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी ।

10– कार्य के आवंटन से पूर्व संग्रहालय प्रथम पार्टी एवं फर्म/ठेकेदार द्वितीय पार्टी के बीच अनुबंध किया जाएगा ।

11– संग्रहालय द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा सफाई व बागवानी कार्य का प्रतिदिन निरीक्षण किया जाएगा।

12– संग्रहालय में कार्य पर लगाए गए कर्मियों का नाम, पता पुलिस सत्यापन प्रमाण–पत्र कार्यालय में जमा करना होगा ।

13– संग्रहालय में लगाए गये कर्मियों के पास परिचय–पत्र होना आवश्यक है ।

14– ठेकेदार द्वारा संग्रहालय में लगाए गये कर्मियों के चरित्र एवं अनुशासन आदि का उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा ।

15– यदि किसी कर्मी का व्यवहार व कार्य संतोषजनक नही है तो इलाहाबाद संग्रहालय से उसे तुरन्त हटाना आवश्यक होगा।

16– यदि किसी कर्मी के द्वारा संग्रहालय की सम्पत्ति को नुकसान पहुँचता है तो उसका उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा ।

17– संविदा पर अनुबन्ध सामान्यतः एक वर्ष के लिए होगा परन्तु कार्य से सन्तुष्ट न होने पर अथवा अपरिहार्य परिस्थितियों में उसे पहले भी समाप्त किया जा सकता है ।

18– देय धनराशि का भुगतान बिल प्रतिमाह प्राप्त होने पर सम्बद्ध पर्यवेक्षक के इस आशय का प्रमाण पत्र की मास के दौरान श्रमिकों द्वारा किया गया कार्य संतोषजनक है के उपरान्त ही चेक के माध्यम से ठेकेदार को दिया जाएगा । नियमानुसार इसपर आयकर कटौती भी सुनिश्चित की जायेगी।

19– जिनका निविदा स्वीकृत होगा उसे 10 प्रतिशत धरोहर राशि जमा करना होगा जिसमें रू015,000.00 (पन्द्रह हजार की) धरोहर राशि शामिल रहेगा ।

20– उपरोक्त कार्य कराने के लिए सफाई एवं बागवानी हेतु आवश्यक समस्त सामग्री जैसेः– धुलाई पाउडर, क्लीनर, खाद, पौधे एवं अन्य आवश्यक उपकरण, फावडा, खुर्पी, सिचाई पाइप, झाडू, वाइपर, ब्रश आदि की व्यवस्था संग्रहालय स्वयं करायेगा । ठेकेदार को यह सुनिश्चित करना होगा कि वस्तु का प्रयोग सम्यक व समुचित हो रहा है और समस्त वांछनीय स्थल पर कार्य सुचारू रूप से चल रहा है ।

21– कार्य पर लगाए गये कर्मियों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी देना आवश्यक होगा । ई0पी0एफ0, ई0एस0आई, सर्विस टैक्स इत्यादि भी नियमानुसार जमा करना होगा और प्रतिमाह बिल के साथ ही इनकी रसीद भी सूचनार्थ संलग्न करनी होगी अन्यथा बिगत माह का भुगतान रोक दिया जायेगा ।

22– ठेकेदार / फर्म एव इलाहाबाद संग्रहालय के बीच कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में न्यायाधिकार क्षेत्र इलाहाबाद होगा ।

23– भरे हुए आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 15–12–2015 सायं 2.30 बजे तक है ।

24– निविदा जमा करने के पूर्व इच्छुक ठेकेदार संग्रहालय के किसी भी कार्यदिवस में 11.00 बजे से 04.00 बजे के मध्य सफाई पर्यवेक्षक से सम्पर्क कर समस्त कार्य स्थलों का निरीक्षण कर सकते है ।

25– जिन फर्मो ने पहले उपरोक्त कार्य हेतु निविदा डाली है उन्हे दोबारा निविदा प्रपत्र खरीदने की आवश्यकता नहीं है:– ई0एम0डी0 भी जमा करने की आवश्यकता नही है। उन्हें निविदा प्रपत्र पूर्व निविदा प्रपत्र के स्थान पर मुफ्त दिया जायेगा तथा उनके पुराने ई0एम0डी0 पर ही विचार कर लिया जायेगा ।

निदेशक

Annexure

| | | |
|---|---|---|
| ALLAHABAD MUSEUM, ALLAHABAD | | |
| FORMAT FOR TENDERING RATES FOR GARDENERS & SWEEPERS | | |
| 1 | **Name & Address of the firm** | |
| 2 | **Draft No & Date** | |
| 3 | **No of Person** | |
| 3(a) | Safaiwala | 4 |
| 3(b) | Gardener | 4 |
| 4 | **Rate per Labour per Day as per CLC** | |
| 4(a) | Safaiwala | |
| 4(b) | Gardener | |
| 5 | **No of Days** | 30 |
| 6 | **Total {3(a) X4(a) X 5+ 3(b) X 4(b) X 5}** | |
| 7 | **E.P.F @ 13.36% of Col.6** | |
| 8 | **E.S.I @ 4.75% of Col.6** | |
| 9 | **Total { 6+7+8 }** | |
| 10 | **Service Charge** | |
| 11 | **Net Total { 9+10 }** | |
| 12 | **<u>Service Tax @ 14.5 %</u> ( 25% of S.Tax to be paid by the Firm & 75% to be paid by the Org).** | |
| 13 | **Total Amount Charged By The Firm {11+12}** | |

क्या कभी किसी सक्षम न्यायालय द्वारा आपको दण्डित किया गया है ?..............................................................

क्या किसी सक्षम न्यायालय में आपके विरूद्ध आपराधिक मामला लम्बित है ?..............................................................

एनुअल टर्नओवर सर्टिफिकेट, सालवेन्सी सर्टिफिकेट, आई0टी0आर0 तथा पहचान एवं निवास का प्रमाण पत्र आदि :..........
..............................................................................................................................................

मैं घोषणा करता हूं कि उपर्युक्त लिखित समस्त सूचनाएं सही एवं पूर्ण हैं तथा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है ।

निविदादाता का हस्ताक्षर

दिनांक:..............................